हरिभूमि

# शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### जिला न्यायालय परिसर में प्रारंभ हुआ डाक सुविधा

**मण्डला।** जिला न्यायालय परिसर में 15 अक्टूबर 2026 से डाक काउंटर शुरू होने जा रहा है। इससे अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों और यहां आने वाले लोगों को रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट सहित अन्य डाक सेवाओं के लिए परिसर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर शुरू हो रही इस सुविधा से लोगों का समय और मेहनत दोनों बचेंगे। यह पहल अधिवक्ता संघ मंडला के अध्यक्ष रामेश्वर झारिया और संघ के सदस्य अधिवक्ता सचेन्द्र सराफ के प्रयासों से संभव हुई है। सहायक अधीक्षक डाकघर मंडला उपसंभाग धंसु सिंह भारतीया ने इस पहल को न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों के लिए उपयोगी बताया।

### मनेरी की औद्योगिक इकाइयों का सीएसआर ऑडिट करें - कलेक्टर

मण्डला। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में गुरुवार को जिला स्तरीय कौशल विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने की। बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि विभागीय समन्वय से जिले का विस्तृत जिला कौशल विकास योजना तैयार किया जाए। बाजार की माँग के अनुसार योजना बनाई जाए ताकि अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। हमारा मुख्य फोकस युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। जीएम डीआईसी को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मनेरी की सभी औद्योगिक इकाइयों का सीएसआर ऑडिट कर 5 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मनेरी औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों से रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की जाए और आवश्यकता अनुसार युवाओं को ट्रेंड (प्रशिक्षित) किया जाए।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में शीघ्र ही एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। जिसमें न्यूनतम 3000 बेरोजगार युवाओं को प्लेसमेंट दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए रोजगार कार्यालय एवं संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करें।

## मां खोडियार रास गरबा महोत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों की थीम पर हो रही प्रस्तुतियां

# डांडिया-ढोल की थाप पर माँ भगवती की आराधना





*** 14 से 18 अक्टूबर तक चलेगा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नवरात्रि के पावन पर्व पर मां खोडियार दरबार समिति के तत्वाधान में सुभाष वार्ड स्थित गरबा ग्राउंड में मां खोडियार रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और विशेषताओं पर आधारित अलग-अलग दिनों की थीम आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, समाजसेवी श्रद्धा उइके,वेद प्रकाश कुलस्ते, किन्नर समाज के सदस्यों एवं समिति सदस्यों ने माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद प्रतिभागियों ने डांडिया और ढोल की थाप पर गरबा प्रस्तुत कर माँ भगवती की आराधना की।

### गरबा के माध्यम से मां की आराधना

आयोजन के दौरान मंत्री संपतिया उइके ने भी डांडिया के माध्यम से गरबा नृत्य में सहभागिता की और ढोल की थाप पर उनके कदम थिरके। महोत्सव में नन्ही बालिकाओं से लेकर विभिन्न आयु वर्ग की महिलाएं एक मंच पर गरबा के माध्यम से भक्ति और उत्साह का संगम प्रस्तुत कर रही हैं। पारंपरिक गरबा के साथ आधुनिक डांडिया की प्रस्तुतियां भी आयोजन को खास बना रही हैं। प्रतिभागियों के लिए गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि माँ की आराधना और अपनी कला अभिव्यक्त करने का माध्यम बना हुआ है।



### 12 दिनों तक दिया गया विशेष प्रशिक्षण

महोत्सव की तैयारियों के तहत प्रतिभागियों को लगभग 12 दिनों तक गरबा और डांडिया की बारीकियां सिखाई गईं। प्रशिक्षण में अनुष्का मालवानी,आयशा यादव, चेतना नैंसी मालवानी, तमन्ना क्षत्री,रोनित सामतानी और अश्विन सोनकेशरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को पारंपरिक शैली के साथ आधुनिक गरबा की तकनीकों का अभ्यास कराया।

### 18 अक्टूबर को होगा पुरस्कार वितरण

महोत्सव के अंतर्गत 14 से 18 अक्टूबर तक गरबा की भव्य प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।मां खोडियार रास गरबा महोत्सव नवरात्रि में भक्ति, संस्कृति और सामूहिक सहभागिता का मंच बनकर शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



# प्राचीन बड़ी सिंहवाहिनी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महिष्मती नगरी मंडला के सिंहवाहिनी वार्ड क्रमांक-9 में स्थित प्राचीन बड़ी सिंहवाहिनी मंदिर इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में माता के दर्शन और जल अर्पित करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। शहर के प्राचीनतम मंदिरों में शामिल इस देवस्थल को बड़ी सिंहवाहिनी के साथ ही 'सेठ परिवार का दिवाला' के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से क्षेत्र के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। सेठ भद्देलाल गणेश प्रसाद अग्रवाल परिवार की देखरेख में संचालित इस प्राचीन मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र और क्वार नवरात्रि के दौरान विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इन अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ज्वारे बोते हैं और खप्पर की परंपरा का निर्वहन करते हैं। मंडला शहर के अलावा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से भी भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि माता सिंहवाहिनी अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही मंदिर में पूजा-अर्चना और जल अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। दिनभर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहता है। माता की आराधना के साथ जस गायन और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ इस प्राचीन धार्मिक स्थल की महत्ता और लोगों की अटूट आस्था को दर्शाती है। मंदिर की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में नवमी के दिन निकाला जाने वाला जवारों का विसर्जन जुलूस विशेष महत्व रखता है। इस दिन मंदिर से जुलूस प्रारंभ होकर सेठ भद्देलाल मार्ग से धूमधाम के साथ गुजरता है और उर्दूघाट पहुंचता है, जहां जवारों का विसर्जन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। विसर्जन के दौरान घाट पर भक्तों की भारी उपस्थिति रहती है और पूरा वातावरण माता के जयकारों से गूंज उठता है। उर्दूघाट के किनारे अग्रवाल परिवार द्वारा स्थापित शिवालय भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस प्रकार बड़ी सिंहवाहिनी मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थल ही नहीं, बल्कि मंडला की प्राचीन धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण प्रतीक है। वर्षों से चली आ रही नवरात्रि की परंपराएं आज भी श्रद्धालुओं को इस मंदिर से जोड़ रही हैं।

# माँ दुर्गा देवी की भक्ति भाव डूबा पूरा नगर हर दुर्गा पंडालों में हो रही महा आरती

*** गरबा डांस नृत्य में भाग लेने दौड़ में श्रद्धालु।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



सम्पूर्ण नगर सहित आस पास ग्रामों में नो दिवसीय नो दुर्गा पूजन उत्सव हर्ष उल्लास से मनाया जा रहा है, इस अवसर पर स्थानीय विनोद रंग मंच दुर्गो तस्व पंडाल पर प्रतिदिन बाल कलाकारों द्वारा रोचक अंदाज में रामलीला प्रतिदिन चल रही हैं, जिसमें धनुषज्ञ के बाद विगत दिवस पूरे नगर में बैंड बाजो ओर आतिशबाजी के साथ राम की बारात शोभा यात्रा के साथ नृत्य करते हुए निकाली गई जो राममंदिर सहित नगर के सभी दुर्गा पंडालों में गर्म जोशी के साथ बारात का स्वागत किया गया। नगर के वियर हाउस कॉम्प्लेक्स में स्थापित दुर्गोत्सव में प्रतिदिन गरबा डांस नृत्य का आयोजन किया जा रहा है वहीं 16 ऑक्टूबर विशाल गरबा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी तादाद में गरबा डांस नृत्य प्रेमी भाग लिए है। भुआ शिवहरे कॉम्प्लेक्स दुर्गोत्सव समिति द्वारा प्रतिदिन शाम को विशाल महाआरती सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच की रही वही दिन में महिलाओं के द्वारा प्रतिदिन सुहगली पूजन माता के दरबार में किया जा रहा है जहां मीठा का प्रसाद चूड़ी बिंदी सुहाग का समान सुहागन महिलाओं को प्रदान किया जाता जिसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भाग ले रही है। भुआ वार्ड नं 14 खेरखा मुहल्ला में स्थापित दुर्गोत्सव द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम महाआरती में लोग पहुंच रहे हैं। नगर के वार्ड नं 2 मुक्ति मार्ग में दशकों से लगातार हो रही माँ महा काली की स्थापना ओर की जा रही आराधना महाआरती की जा रही है जहां प्रतिवर्षानुसार सुबह शाम महाआरती में सम्पूर्ण उत्साह भक्ति भाव से की जाती हैं ,जहाँ प्रतिदिन आरती के समय लगभग हजारों श्रद्धालु भावविभोर होकर आरती का श्रद्धा भाव भाग लेते हैं।जतीपुर दुर्गोत्सव पंडाल में विगत दिवस आरती पूजा के साथ प्रतिदिन नृत्य भजन गरबा डांस नृत्य का आयोजन किया जा रहा है।इसी तरह नगर के अन्य सभी स्थानों पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन जयकारे से पूरा नगर भावविभोर है।

# ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन




**निवास।** देश-प्रदेश में लंबे समय से आंदोलनरत पिछड़ा वर्ग सरकार से 27% आरक्षण की मांग कर रहा है, लेकिन केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा अब तक इनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे पिछड़े वर्ग में सरकार के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। इस विषय को लेकर निवास ओबीसी महासभा के नेताओं द्वारा एक दिवसीय सभा का आयोजन कर ज्ञापन सौंपा। संगठन की मांग है कि केंद्र सरकार जनगणना प्रपत्र में शेड्यूल कास्ट व शेड्यूल ट्राइब्स की तरह अन्य पिछड़ा वर्ग का स्पष्ट प्रथक कॉलम रखा जाये। देश भर में पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियों की जन संख्या का प्रमाणि करण संकलन किया जाये के अलावा ग्यारह बिंदुओं की मांग संबंधित ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम निवास एस डीएम को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार आगामी चुनाव के पहले हमारी मांग के अनुरूप कार्रवाई शुरू नहीं करती है तो संगठन के निर्देशानुसार देशभर में बड़ा और निर्णायक आंदोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उक्त ज्ञापन सौपने में राधेश्याम यादव, अशोक नामदेव,संजय रजक, सतेंद्र कुमार लोधी सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** | अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल आज।

# भारत ज्योति व मोंटफोर्ट के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

*** दोपहर 3:30 बजे प्रारंभ होगा मुख्य मुकाबला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के आठवें दिन गुरुवार को प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले मैच खेल गए। पहला सेमीफाइनल भारत ज्योति विद्यालय व ज्ञान दीप स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में भारत ज्योति विद्यालय ने ज्ञानदीप स्कूल को 1 / 0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ज्योति की तरफ से धैर्य बैरागी ने अपनी टीम के लिए एक मात्र गोल कर टीम को फाइनल का टिकट दिलवा दिया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मोंटफोर्ट स्कूल व उत्कृष्ट विद्यालय के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांच और संघर्ष से भरपूर रहा। जब ऐसा लग रहा था कि मैच पेनल्टी शूट आउट की तरफ बढ़ रहा है तभी मोंटफोर्ट के खिलाडी अनमोल मिश्रा ने मिड फील्ड से एक फ्री किक को गोल में तब्दील कर दिया। फ्री किक सीधे गोल पोस्ट के ऊपर टकराई जिसे गोआल कीपर ने रिबाउंड में कलेक्ट करने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके हाथों से छिटकते हुए नेट्स पर जा टकराई। इसके बाद उत्कृष्ट ने भी लगातार मोंटफोर्ट के गोल पर हमला कर अच्छे मौके गवाए। जल्द ही एक शानदार मूव को बेहतरीन फुटवर्क दिखते हुए मोंटफोर्ट के फॉरवर्ड अनमोल मिश्रा ने गोलकीपर के लेफ्ट साइड में बॉल डालकर दूसरा गोल कर अपनी जीत पक्की कर दी। गोल होने के कुछ सेकंड बाद हो रेफरी ने फाइनल विषल बजा दी। इसके साथ ही मोंटफोर्ट ने प्रतियोगिता की अजय टीम उत्कृष्ट के मिथक को तोड़ते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला दोपहर 3:30 पर खेला जायेगा।

जिला फुटबाल संघके सचिव पंकज उसराठे ने सभी फुटबॉल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। इस दौरान जिला हॉकी संघ के सचिव सैयद कमर अली, वरिष्ठ खिलाडी पुरषोत्तम उसराठे, जिला फुटबाल संघ के संरक्षक डॉ. दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, अनूप बासल, चंद्रेश खरे, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष राजेश पाठक, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, कुश्ती संघ के सचिव संदीप कुछवाह, कीड़ा भारती के अध्यक्ष योगेश कुछवाह, कराते संघ के सचिव त्रिलोक डोंगरी, शशांक मिश्रा, बिलाल अहमद खान, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, मतीन खान, समीर बाजपाई, सैयद सिकंदर अली, डॉ. आकाश खत्री, सोना दुबे, जनजाति कल्याण विभाग के जिला क्रीड़ा आधिकारि मंगल पन्द्रो, शिक्षक संजू वर्मा, विवेक मिश्रा, पार्षद नरेश सिंधिया , पार्षद सुधीर मिश्रा उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सचिव पंकज उसराठे, अभिषेक यादव, प्रथम चौकसे, रमन चौरसिया, ऋषि राय, योगेश चौरसिया, मिनी सिंह, अविनाश पापलर जैन, सुरजीत नायर कुट्टन, देवेंद्र सरोते, गंगा कुंजाम, प्रथम चौकसे, अतुल चीचाम, संतोष धुर्वे, लक्ष्य मरावी उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

## सेवा संकल्प अभियान पर बच्चों ने बनाया भारत का नक्शा

*** नैनपुर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ सेवा का रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नैनपुर के जे. आर. सी. मैदान में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों ने अनुशासन और सामूहिक सहभागिता के साथ मानव रंगोली के माध्यम से भारत का विशाल नक्शा तैयार कर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके रहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, ने भारत माता को माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर मानव रंगोली के माध्यम से भारत की भौगोलिक आकृति को साकार किया। मानव रंगोली की सबसे खास बात यह रही कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 34 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों की सहभागिता से तैयार इस प्रस्तुति के जरिए सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनके उद्देश्य को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। जेआरसी मैदान में मानव रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश के प्रति सम्मान, गौरव और समर्पण की भावना को अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भारत का मानचित्र बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर नक्शे में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रदर्शित कर उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस दौरान पूर्व मीसाबंदी खुब्बीलाल नामदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष बालकिशन खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश रजक, शिव रानू राजपूत, मंडल महामंत्री सुभाष सेन, नीतेश झारिया सहित नैनपुर नगर मंडल के पदाधिकारी एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाएं


स्टेन्ड के पास स्थापित प्रतिमा


सब्जी मंडी के पास स्थापित


जवाहर वार्ड स्थापित प्रतिमा


नगर के बीचो बीच स्थापित प्रतिमा


जगदीश वार्ड स्थापित प्रतिमा


पुराना स्टेन्ड के स्थापित प्रतिमा

## खबर संक्षेप

### आटो चालकों द्वारा खुलेआम किया जा रहा यात्रियों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़

गाडरवारा। इस समय नगर सहित क्षेत्रों सड़कों पर दौड़ रहे आटों चालकों की इस प्रकार की मनमानी देखने मिल रही है कि वह जहां यातायात व्यवस्था को बदहाल बना रहे है, वही दूसरी ओर आये दिन देखा जाता है कि जहां तहां आटों खड़े कर दिये जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर ओवर लोडिंग आटों चलाना आम बात हो रही है? इतना ही नही पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तो इन आटों चालकों के हौसले इतने बुलंद दिखाई पड़ने लगे है कि वह आटों में सबारी करने वाले यात्रियों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलवाड़ करते हुए देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई उस समय देखने मिली जब एक आटों में सबारियों के साथ साथ गैस सिलेण्डर भरकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा था, इस प्रकार से जहां किसी आटों में गैस सिलेण्डर परिवहन करना नियम विरूद्ध माना जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से सबारियों के साथ खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ ही जान पड़ रहा है? मगर इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देना इस बात को संकेत देते हुए जान पड रहा है कि शायद पुलिस प्रशासन ही किसी बडी घटना का इंतजार करते हुए देखा जा रहा है?

### शहर के वीरान इलाकों से लेकर ढ़ाबों में देर रात तक खुलेआम जाम छलकते हुये पड़ रहे दिखाई

गाडरवारा। जहां पूर्व के समय में लोग शराब पीने के लिए ऐसी जगह खोजते थें जहां पर किसी की नजर न पड़े। मगर इस समय तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों द्वारा जहां तहां बैठकर शराब का सेवन करते हुए नशे की हालत में सड़कों पर घूमते हुए आसानी से देख जा राकता है? इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो वर्तमान में अनुमानतः शहर के 60 प्रतिशत युवाओं और किशोरो में शराब पीने का शौक ऐसा लगा है कि वे रात को बिना जाम छलकाये रह ही नही पा रहे है, जिसके चलते वे शहर में एक भी वीयरवार न होने और अधिकांश शहर में बने हुये ढावों में शराब के जाम छलकाने के लिए उपयुक्त जगहों पर जाना पड़ता है और खुलेआम नगर के पास पास बने हुये ढ़ावों में देर रात तक शराब खोरी होते हुये दिखाई दे रही है।

## जहां तहां कन्या भोज सहित होगे विशेष पूजन अर्चन के कार्यक्रम तो जबारो पर चढ़ाये गये चंदेवा

# पंचमी से देवी दर्शन करने सड़को पर उमड़ा भक्तों जन सैलाब







### अब शेष बचे दिनों में व्यवस्था बनाने प्रशासन के समक्ष रहेगी चुनौती...

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शारदेय नवरात्र पर्व के चलते इन दिनों शहर सहित क्षेत्र के गांवों में श्रद्वा, उत्साह का निराला वातावरण नजर आ रहा है और हिन्दू धर्मावलंबियों में माँ जगदम्बा की भक्ति में लीन होने की तमन्ना उछाल लेती हुई जान पड़ रही है उसका अनोखा नजारा दिखाई पड़ रहा है। वही शहर के देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में रखे हुए जबारे, प्रज्जवलित, ज्योति कलश, माताराणी की पूजन व महाआरती, वंदना से भक्त जहां मोहित हो रहे है। वही दूसरी ओर रोशनी में नहाये हुये देवी मंदिर लोगों को माँ दुर्गा के दर्शन, पूजन की प्रेरणा देते हुये आकर्षित करने से नही चूक रहे है। नवरात्र की धूम के चलते जहां सुबह के समय भक्त देवी मंदिरों में पहुंचकर माताराणी को जल ढारने के बाद अपने घरों में आस्था पूर्वक माँ जगदम्बा की पूजन, आरती कर दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा का पाठ कर अपने जीवन को धन्य बना रहे है। वही रात में शहर अनेक प्रमुख स्थलों के आलवा कालोनियों सहित जगह जगह विराजी माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन करने माताओं, बहिनों व बच्चों तथा युवाओं को सड़को पर निकलना शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि देवी मंदिरों व देवी दरबारों में शारदेय नवरात्र पर्व पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमो के आयोजन की शुरूआत हो गई है तथा श्रद्वालुओं ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उन्हें कन्या भोज कराने की भी तैयारियाँ शुरू कर दी है। नगर में देखने मिल रहा है कि सजाई जा रही माँ भवानी की आकर्षक झांकियाँ श्रद्वालुओं का मन मोह रही है साथ ही आमजनों को माताराणी का आशीष जमकर मिलने से वे माँ दुर्गा के जयकार से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान होते हुए देखा जा रहा है और लोगों द्वारा सुख समृद्वि के लिये माताराणी से प्रार्थना की जा रही है। इसी के चलते जहां तहां स्थापित की गई देवी प्रतिमाएं अलग अलग रूप में दिखाई पड़ रही है। ज्ञात हो कि कल बुधवार को नवरात्र के पांचवे दिन यानि की पंचमी की बेला पर भी लोगों ने जहां देवी स्थलों पर पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया। क्योंकि नवरात्र के नौ दिन सभी महत्वपूर्ण माने जाते है। मगर सभी दिनों का अलग अलग महत्व होता है। इसी के चलते पांचवे दिवस विशेष का पूजन किया जाता है। इसी चलते कल पंचवी तिथि पर लोगो ने माता जगत जननी की अपने अपने स्थर से पूजन करते हुये आर्शीवाद मांगा। गौरतलब है कि आज गुरूवार को शारदेय नवरात्र पर्व की छटवी पड़ रही है जिसमें विशेष सर्वार्थ सिद्वि योग पड़ने से माँ जगदम्बा के दर्शन, पूजन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होगी तथा पंडितों के अनुसार माताराणी के आशीष से घरों में शुरू शांति वैभव व्याप्त होने की शुरूआत हो जाएगी । क्योंकि कल पंचमी से नगर की सड़को पर देवी दर्शन करने वालों की भारी मात्रा में जन समूह उमड़ते हुये देखा गया और वह दुर्गा नवमी तक जारी रहेगा जिसके चलते पुलिस प्रशासन से नगरवासियों द्वारा अपेक्षा जताई गई है कि नगर की सड़को पर रात 8 बजे से विशेष निगरानी की जावे तथा सभी प्रकार के वाहनों प्रतिबंध लगाने के साथ साथ पुग्गी गैंग पर विशेष शिकंजा कसा जावे जिससे देवी दर्शन करने वालो लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर न होना पड़े। अब देखना है कि पुलिस आमजन की सुरक्षा को लेकर व्यवस्था बनाने में कहा तक सफल होती है इस बात की सच्चाई तो आज ही देखने मिलेगी..?

# अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित गरवा के आयोजन में देखने मिल रही मन मोहक झांकी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नवरात्र के दौरान गरवा के आयोजन निश्चित ही नवरात्री की धूम को मन मोहक बनाने से नही चूकता है। इसी का परिणाम है कि जहां तहां गरवा के आयोजन होते हुये देखे जाते है। इसी के चलते नवरात्रि के पावन पर्व पर स्थानीय सुखदेव भवन में अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ बीते हुये दिवस मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अरबिंद अग्रवाल द्वारा माँ दुर्गा का पूजन करते हुये शुरू किया गया। इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्षा मृदुला अग्रवाल सहित वरिष्ठजनों और उपस्थित मातृशक्ति द्वारा मां भगवती की पावन पूजन एवं आरती की गई। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मृदुला अग्रवाल ने कहा कि गरबा केवल कदमों की थिरकन और उल्लास का उत्सव मात्र नहीं है। बल्कि यह उस आदि शक्ति की साधना है जो हमारी संस्कृति को आपस में जोड़ती है, हममें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और हमें हमारी मिट्टी तथा संस्कारों से जोड़े रखती है।



कार्यक्रम के आकर्षण को बढ़ाने वाले गरबा प्रशिक्षक मान्य गुप्ता को महिला मंडल की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में अग्रवाल समाज की महिलाओं और पुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस सफल आयोजन को संपन्न बनाने में सचिव श्रीमती साधना अग्रवाल, उपाध्यक्ष खजांची अनुराधा अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, सह सचिव प्रीति अग्रवाल, संपदा अग्रवाल एवं रचना अग्रवाल का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। वही अतिथियों द्वारा अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित किये जा रहे गरवा के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि गरबा नृत्य का उद्देश्य का देवी की पूजा करना है। इसे देवी के गर्भ में छपी ऊर्जा और शक्ति को प्रकट करने का माध्यम माना जाता है। यह एक अनुष्ठानिक और भक्ति नृत्य जो ऊर्जा और शक्ति की पूजा के लिए समर्पित है साथी डांडिया नृत्य बुराई को मिटाने के लिए अच्छाई के लिए संघर्ष का प्रतीक है। गरबा में समाज की महिलाओं और बेटियों द्वारा में सुंदर-सुंदर वस्त्र एवं श्रृंगार करके हाथों में डांडिया लेकर नृत्य कर देवी मां की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस समय दर्शक के रूप में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन एवं महिलाएं उपस्थित थी।

# नगर में 23 अक्टूबर से होने वाली 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियों को बैठक का

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में लगातार तीसरे वर्ष शालेय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना निश्चित तौर से यह बडे ही गौरव की बात है। बताया जाता है कि सत्र 2026-27 के खेल कैलेंडर के अंतर्गत अ में 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर तक 19 वर्ष बालक वर्ग में किया जाएगा। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों के लगभग 160 खिलाड़ी और 30 अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा की अध्यक्षता में बीते हुये नगर के एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मैदानों की तैयारी, खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई और पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। वही बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता के मैच शहर के रुद्र मैदान गाडरवारा सहित एनटीपीसी खेल मैदान, चीचली के खेल मैदान तथा शासकीय राघव कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोहानी के मैदान पर खेले जाएंगे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा एवं जिला क्रीड़ा एवं कल्याण ने प्रतियोगिता की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर एसडीएम श्रीमती प्रगति वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से समय पर तैयारियां पूरी करने और प्रतियोगिता का सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, गाडरवारा, चीचली एवं सालीचौका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।



# नगर के अंदर से निकल रही भारी भरकम वाहनों की मनमानी से आमजन की जान को बना है खतरा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जहां तहां सड़को का निर्माण कराते हुए पैसा को पानी की तरह वहां रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की करोड़ो रूपया की राशि से बनी हुई इन सड़को पर जिस प्रकार से भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी होने से वह सड़के चंद दिनों में भी उखड़ कर समाप्त होती चली जा रही है? वही दूसरी ओर क्षेत्र में भारी भरकम वाहनों की आवाजाही के चलते लोगों की जान को खतरा भी बना हुआ है।



इस बात की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा क्षेत्र में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि जिस माप दंड के तहत यहां की सड़को का निर्माण किया गया है, उस मापदंड से कही अधिक क्षमता के वाहनों के निकलने के कारण क्षेत्र की सड़के चंद दिनों में ही टूटने लगी है क्योंकि विगत दिवस देखा गया कि गाडरवारा सांईखेड़ा मार्ग से इस प्रकार के वाहन गुजर रहे है जिनको क्षेत्र के लोगों ने शायद ही कभी देखा हो, विगत दिवस क्षेत्र की सड़क से लगभग 60 से 80 चाक वाला एक वाहन जब गुजरा तो उस वाहन को देखने वालों का हूजूम लग गया, वही दूसरी ओर बताया जाता है कि इस प्रकार के वाहन अब इस मार्ग से आये दिन गुजर रहे है जिसके चलते सड़को के खराब होने की तो पूरी संभावना बनी हुई है, वही दूसरी ओर इस प्रकार के भारी भरकम वाहनों को नगर के अंदर से गुजरने के कारण लोगों की जान के लिए खतरा भी बना हुआ है? क्योंकि सांईखेड़ा गाडरवारा मार्ग पूर्ण रूप से नगर के अंदर से बना हुआ है जिसके चलते इस मार्ग पर जहां मुख्या बाजार तो पड़ता ही पड़ता है साथ ही साथ अनेक स्कूलों के बच्चों का आना जाना होने के कारण ब्लाक मुख्यालय में अपनी जरूरी कार्य से आने वाले ग्रामीणों का भी मार्ग पर दिन भर जमावड़ा लगा रहता है, इस स्थिति में इस मार्ग से इस प्रकार के वाहनों की आवाजाही के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है? जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि इस प्रकार के वाहन नगर के पुलिस थाने के ठीक सामने से गुजरते हुए देखे जाते है इसके बाद भी पुलिस प्रशासन का मौन रहना अनेक सवालों को जन्म देता हुआ जान पड़ रहा है।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्कूलों में आयोजित हुये स्वच्छता कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** गुरुवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस पर राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार क्षेत्र के सभी स्कूलों में हाथ धुलाई संबंधी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा स्वच्छ हाथ स्वच्छ जीवन थीम पर निबंध, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिएँ भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को स्वयं हाथ धोने के तरीके बताने के साथ ही छात्र छात्राओं को इस बात से अवगत कराया गया कि हाथ धोना व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य का सबसे सरल, प्रभावी और महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्योंकि गंदे हाथ कई प्रकार के खतर नाक बैक्टीरिया और वायरस को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुँचाते हैं जिससे डायरिया (दस्त), सर्दी-जुकाम, पेट के संक्रमण और कोविड-19 जैसी गंभीर बीमारियाँ फैल सकती हैं। शिक्षकों ने यह भी बताया कि विश्व हाथ धुलाई दिवस प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों, विशेषकर बच्चों और समुदायों को साबुन से हाथ धोने के प्रति जागरूक करना है। यह दिन इस बात पर जोर देता है कि साबुन से हाथ धोने जैसी साधारण सी आदत लाखों जिंदगियों को बचा सकती है और कई संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोक सकती है। हाथों को पूरी तरह से कीटाणुमुक्त करने के लिए कम से कम 40 से 60 सेकंड तक हाथ धोना चाहिये। शिक्षकों द्वारा दिये गये निर्देशों के उपरांत बच्चों ने भी साबुन से हाथ धोये। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों से कहा कि वे हाथ धुलाई का संदेश अपने आसपास के लोगों को भी दें।

### नवरात्रि महोत्सव पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अनोखा संदेश

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** चल रहे शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर नगर में श्री नव दुर्गा युवा शक्ति समिति शक्ती चौक द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। बताया जाता है कि आयोजन समिति द्वारा दुर्गा पंडाल में बेटी से लेकर माँ तक के जीवन सफर को दर्शाते हुए आकर्षक फ्लेक्स पोस्टर लगाए गए हैं। ये फ्लेक्स पोस्टर पंडाल के मुख्य खंभों पर लगाए गए हैं, ताकि दर्शन करने आने वाले हर श्रद्धालु की नजर उन पर पड़े। इन पोस्टरों के माध्यम से नारी शक्ति के विभिन्न रूपों और उसके संघर्ष, सम्मान व महत्व को दर्शाया गया है। समिति के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। नवरात्रि में माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के साथ-साथ समिति ने बेटी के जन्म से लेकर उसके माँ बनने तक के सफर को सम्मान देने की कोशिश की है। समिति के अध्यक्ष विनोद कौरव ने बताया कि आज के समय में बेटियों को शिक्षित करना और उन्हें आगे बढ़ाना सबसे जरूरी है। पंडाल में लगे ये पोस्टर लोगों को बेटियों के प्रति अपनी सोच बदलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# विभागों में कर्मचारियों की कमी के चलते अनेक योजनाओं पर समय से नहीं हो पा रहा अमल, औपचारिक पूर्ण बनी शासन की अनेक योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाते हुए वह आमजन का भला करने की सोच रखे हुए है, मगर उन योजनाओं का सही क्रियान्वयन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह अनेक विभाग में चल रही अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होते हुए जान पड़ रहा है? क्योंकि सरकार की बेहतर मानी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गति वर्तमान में धीमी होने की स्थिति में इन दिनों क्षेत्रवासी निराशा में डूबने मजबूर हो गए है? जानकार सूत्रो के अनुसार यदि देखा जावे तो सरकार आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई अधिकांश योजनाओं के जमीनी धरातल पर अमल में लाने के लिए शासकीय विभागो में कर्मचारियों की कमी बाधा बन रही है या फिर अधिकारी अपनी वाही वाही लूटने के उद्धेश्य से उन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के नाम पर सिर्फ कागजों तक सीमित रखते हुए सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए ही जान पड़ रहे है? क्योंकि लगातार जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन होने के बाद भी आये दिन लोगों को अपनी समस्याओं के चलते अधिकारियों से लेकर नेताओं के कार्यालयों के चक्कर काटते हुये आसानी से देखा जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा अपनी शिकायतों में यह बात का उल्लेख करते हुये देखे जा रहे है कि उन्हें इस योजना का लाभ नही मिल रहा है या फिर इस समस्या से जूझ रहे है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब शासन के अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिवसों पर जन सुनवाई या फिर शिविरों का आयोजन करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है तो फिर इसके बाद लोग परेशान होते हुये क्यों घूम रहे है, निश्चित ही आम लोगों को परेशान होते हुये देखकर इस बात का खुलासा होने से नही चूक पा रहा है कि अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण करने या फिर में दिलचस्वी नही ली जा रही है या फिर मात्र औपचारिकता ही निभाई जा रही है, जिसके चलते आम लोगों को परेशान होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? वही दूसरी ओर अनेक शासकीय विभाग कर्मचारियों की कमी से भी जूझते हुये देखे जा रहे है जिसके चलते आमजनों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय अनेक शासकीय विभागो में कार्यरत कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने का सिलसिला चल रहा है और बहुत से शासकीय कर्मचारी ऐसे है जिन्हे तबादला फेक्ट्री की भेंट चढ़ा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### नौ स्वरूपों में सजी बालिकाएं आकर्षण का केंद्र

**अनूपपुर।** नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में सजी बालिकाओं ने नगर भ्रमण कर भक्तिमय माहौल बनाया। आकर्षक वेशभूषा में सजी बालिकाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

### कलेक्टर ने की कार्रवाई

**अनूपपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत पात्र बालिका को लाभ से वंचित रखने के मामले में कलेक्टर रत्नाकर झा ने कार्रवाई की है। उन्होंने लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और संविदा पर्यवेक्षक के 10-10 दिवस के मानदेय में कटौती के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास परियोजना जैतहरी के सेक्टर परसवार अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जमुडी-02 की कार्यकर्ता महेश्वरी सिंह एवं संविदा पर्यवेक्षक गायत्री गुप्ता के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। दोनों के पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही और उदासीनता के कारण पात्र बालिका अवनी गुप्ता, जन्मतिथि 1 जून 2023, योजना के प्रावधानों के तहत लाभ से वंचित रह गई थी। जबकि परिवार नियोजन से संबंधित निर्धारित समयावधि में आवश्यक शर्तों का पालन किया गया था।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान टेंट कर्मचारी की मौत

**मानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ग्राम गुरुवाही में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई। कार्यक्रम स्थल पर टेंट लगाने का कार्य कर रहे अनिल पटेल उम्र 45 वर्ष पिता बाबूलाल पटेल निवासी जबलपुर की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतक को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन बकेली में आज

**उमरिया।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 8 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह व्दारा ग्रामीण अंचलों का 16 अक्टूबर को भ्रमण किया जाएगा। पाली विकासखंड अंतर्गत बकेली क्षेत्र के अधीनस्थ विभागीय कार्यालयों, छात्रावास, विद्यालय , अस्पताल, उचित मूल्य दुकान एवं अन्य संस्थाओं का निरीक्षण होगा तथा तदुपरांत दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक बकेली में आयोजित जन संवाद स्थल में विभागीय अधिकारी उपस्थित होकर अपने अपने विभाग के किए गए निरीक्षण की विस्तृत जानकारी से अवगत कराएंगे तथा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि सेमरिहा, सलैया-01,मेढकी, बड़वाही, ओदरी, मौतरा, कठई, चौरी, बरदढार, खिचकिड़ी तथा बकेली का भ्रमण किया जाएगा।

### जय माता रानी के जयकारों से गूंज उठा कोतमा नगर

**कोतमा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कोतमा नगर में चारों ओर मां दुर्गा की भक्ति और आस्था की अद्भुत छटा देखने को मिल रही है। नगर के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा पंडालों में गूंजते जय माता रानी और जय माता दी के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा है। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही से नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ है। कोतमा नगर के गांधी चौक, पुराना हॉस्पिटल रोड, स्टेट बैंक चौक, बस स्टैंड, बेरियल शारदा मंदिर टॉकीज रोड सहित वीडियो मोड़ में व विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आकर्षक साज-सज्जा और भव्य पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु परिवार सहित पहुंच रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि को लेकर नगर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष तैयारियां की गई हैं। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं भक्तों का मन मोह रही हैं। शाम होते ही पंडालों की रौनक देखते ही बनती है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कई स्थानों पर भक्ति गीतों और धार्मिक आयोजनों से वातावरण में उत्साह का संचार हो रहा है। नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और शक्ति की उपासना का प्रतीक है।

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में दिए सख्त निर्देश

## लंबित शिकायतों का समय पर करें निराकरण

**डिण्डौरी।**



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाएं और आमजन से जुड़े मामलों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करें।सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लंबित शिकायतों के निराकरण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने 50 से 100 दिवस से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और अनावश्यक देरी से बचें।

राजस्व एवं कृषि संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। खरीफ विपणन वर्ष 2026 के अंतर्गत कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन और ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के हितग्राहियों की ई-केवाईसी तथा किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा में भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित अन्य योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान टीबी मरीजों, सिकल सेल जांच और आयुष्मान कार्ड निर्माण की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बच्चों की जांच के लिए आवश्यक टेस्टिंग सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की प्रगति तथा वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई।मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण के साथ मिलने वाले स्टाइपेंड की जानकारी देते हुए पात्र युवाओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। योजना के प्रावधानों के अनुसार 12वीं उत्तीर्ण युवाओं को 8 हजार रुपये, आईटीआई उत्तीर्ण को 8,500 रुपये, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रुपये तथा स्नातक या उच्च शिक्षा उत्तीर्ण युवाओं को 10 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाता है।

कलेक्टर ने निर्माण विभागों के अधिकारियों को वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवागमन में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक मार्गों का सर्वेक्षण कर प्राक्कलन तैयार करें और स्वीकृति के प्रस्ताव समय पर भेजें, ताकि आगामी वर्षा ऋतु से पहले मरम्मत एवं निर्माण कार्य पूरे किए जा सकें।बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत जिले को पुरस्कृत किए जाने पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी विभागों के सामूहिक प्रयास, समर्पण और मेहनत का परिणाम है। जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, डीएफओ अशोक सोलंकी, एसडीएम शहपुरा फरहान इरफान जामदार, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिंडौरी में 19 से 31 अक्टूबर तक होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**डिंडौरी।**

जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 19 से 31 अक्टूबर 2026 के बीच किया जाएगा। उत्सव में युवा समूह लोकनृत्य, समूह लोकगायन, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित पांच विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष सांस्कृतिक गतिविधियों की थीम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई है।भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप वर्ष 2025 से राष्ट्रीय युवा उत्सव को नया स्वरूप दिया गया है। इसके तहत आयोजन को 'यंग लीडर्स' और 'सांस्कृतिक ट्रेक' दो भागों में विभाजित किया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव 2027 का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में 'युवा शक्ति से जन भागीदारी' थीम पर प्रस्तावित है। युवा उत्सव जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी एवं दल संभाग स्तरीय आयोजन में हिस्सा लेंगे।

निर्धारित पात्रता के अनुसार 17 अगस्त 2026 की स्थिति में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। समूह लोकनृत्य और समूह लोकगायन में सात-सात प्रतिभागियों के साथ तीन-तीन सहयोगी शामिल होंगे। पेंटिंग एवं कविता लेखन में दो-दो युवा तथा नुक्कड़ नाटक में 10 प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। सहयोगियों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।जिला स्तर पर विजेता युवाओं एवं दलों का 'माय भारत पोर्टल' पर पंजीयन अनिवार्य होगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार पिछले वर्ष युवा उत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले चुके युवा इस वर्ष की प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेंगे।जिले की शैक्षणिक संस्थाओं से पात्र युवाओं को उत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की गई है, ताकि युवा अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें।

### निघौरी पंचायत में आज लगेगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर

**डिंडौरी।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत 16 अक्टूबर को विकासखंड अमरपुर की ग्राम पंचायत निघौरी में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों के आवेदनों और समस्याओं पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। अभियान का उद्देश्य शासकीय सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करना तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है।प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लें। साथ ही आवेदन और समस्या से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।



# जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर उपविजेता

**अमरपुर।**

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार 14 अक्टूबर को शासकीय महाविद्यालय गाड़ासरई में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर की महिला कबड्डी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टीम के उपविजेता बनने पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है।प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर की ओर से ज्योति, हेमलता, प्रेमसखी, रंजीता, अमरवती, शैलकुमारी, रश्मि, चम्पा, पुष्पा, चंद्रावती, लक्ष्मी, अमरवती एवं संतोषी ने टीम का प्रतिनिधित्व किया।महिला कबड्डी टीम की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 'शक्ति से सृजन' कार्यक्रम आयोजित, प्रकृति संरक्षण और नारी शक्ति का दिया संदेश



**अमरपुर।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर सखी के अंतर्गत प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण को समर्पित 'शक्ति से सृजन' कार्यक्रम का आयोजन फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा पंडाल में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, भारतीय संस्कृति के संवर्धन, पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता तथा नारी शक्ति के सम्मान और प्रोत्साहन का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत नवरात्रि के पावन अवसर पर भूमि सुपोषण, माटी पूजन, वृक्ष पूजन, पौधारोपण एवं जल स्त्रोत पूजन जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन का संदेश दिया गया।इस अवसर पर महिला मंडली द्वारा देवी गीतों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही सांस्कृतिक संध्या एवं दीपमाला का आयोजन कर धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से नारी शक्ति की भूमिका और समाज निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया गया।कार्यक्रम में महिला मंडली की श्रीमती उमादेवी बर्मन, माया यादव, उर्मिला रजक, माया साहू, रीना रजक, राधा तंतुवाय, छाया तंतुवाय, रजनी यादव, सुनीता, सोमवती, बत्ती बाई विश्वकर्मा, माया चक्रवर्ती, चंदा चक्रवर्ती एवं रिया सहित एमएसडब्ल्यू छात्रा चांदनी यादव और सोनाक्षी रजक उपस्थित रहीं। इसके अलावा नवांकुर संस्था प्रमुख अरविंद यादव, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता मनोज कुमार तंतुवाय, नवांकुर प्रमुख बाल विकास विद्या मंदिर अमरपुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति एवं संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ समाज में पर्यावरणीय चेतना जागृत करने और नारी शक्ति को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

# महिला दिवस कार्यक्रम में किसानों ने नरवाई नहीं जलाने का लिया संकल्प




**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र डिंडौरी में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि सखियों, प्रगतिशील महिला कृषकों, प्राकृतिक खेती करने वाली महिला किसानों तथा विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस दौरान फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।आत्मा परियोजना की परियोजना संचालक श्रीमती अरुणिमा सेन ने किसानों को पराली एवं नरवाई जलाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करने और जैविक खाद तैयार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों का उपयोग मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने और उसकी उर्वरा शक्ति बनाए रखने में किया जा सकता है।उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. राजेश सिंह चौहान ने नरवाई जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण, मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी तथा पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं को होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने की अपील की।

कृषि विज्ञान केंद्र डिंडौरी के वैज्ञानिक डॉ. के.के. देशमुख एवं अवधेश कुमार पटेल ने प्राकृतिक खेती के महत्व और उसमें उपयोग होने वाले विभिन्न घटकों की जानकारी दी। कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य कृष्ण चौहान ने यूरिया सहित रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार खाद डालने की सलाह दी। वहीं, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी जगदीश बिसेन ने मिट्टी में पोषक तत्वों की उपलब्धता और उनकी कमी से फसलों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताया।

कृषि अभियांत्रिकी विभाग की सब इंजीनियर पूनम कोरम ने नरवाई प्रबंधन में उपयोग होने वाले कृषि यंत्रों की जानकारी दी। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना सहित कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र और कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बीटीएम, एटीएम तथा महिला कृषक उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों ने पराली एवं नरवाई नहीं जलाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की शपथ ली। उन्होंने खेतों एवं गांवों को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और वायु प्रदूषण कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में 'फिट इंडिया, खेल, योग एवं ध्यान' कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'फिट इंडिया, खेल, योग एवं ध्यान' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, अनुशासन तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने और जनभागीदारी के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को साकार करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास, ध्यान, व्यायाम एवं खेल गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि मानसिक तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास विकसित करने में भी सहायक होती हैं।

खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और आपसी सहयोग जैसे गुणों का विकास होता है।इस अवसर पर डॉ. अनिल कुशराम ने फिट इंडिया अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ, सक्रिय एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को भी योग, खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य जयदीप दुबे, कर्मचारी ऋचा जंघेला, खुशी व्याम, प्रेमशाह उइके, तारेंद्र मरावी एवं पुहुप पुषाम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ शरीर, सकारात्मक सोच और अनुशासित जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया गया।




### सक्षम कार्यक्रम के तहत बीएसी और जनशिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशन में सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड मेंहदवानी के विकासखंड अकादमिक समन्वयकों (बीएसी) एवं जनशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा सत्रों की गुणवत्ता और नियमित मॉनीटरिंग को मजबूत बनाना था।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सक्षम कार्यक्रम की संरचना, सत्र संचालन की प्रक्रिया, गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति तथा विद्यालय भ्रमण के दौरान किए जाने वाले अवलोकन के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी गई। समूह गतिविधियों और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं को समझा।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी समद सिंह मरावी, विकासखंड स्रोत समन्वयक आनंद दुबे, सक्षम टीम के जिला प्रबंधक महारन प्रताप सिंह परमार तथा विकासखंड प्रबंधक नीरज तिवारी एवं अमित शुक्ला उपस्थित रहे।प्रशिक्षण में विद्यालयों में जीवन कौशल सत्रों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने, गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने और सतत मॉनीटरिंग के माध्यम से कार्यक्रम की प्रगति बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

हरिभूमि

# नर्मदा भूमि

[ करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल ]



जबलपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

## थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

# गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन ने सौंपा ज्ञापन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यार्थी कानून एवं विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे थे। इसी दौरान सामने आए एक वीडियो और लगाए गए आरोपों के अनुसार जोहार शब्द बोलने को लेकर आदिवासी युवकों के साथ भोपाल के मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार द्वारा कथित तौर पर अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी करते दिखाई देने वाले पुलिस निरीक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### निष्पक्ष जांच की मांग

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मिसरोद थाना इलाके में दो दिन पहले जनजातीय विद्यार्थियों के साथ थाना प्रभारी द्वारा कथित तौर पर किए गए दुर्व्यवहार के मामले में गोंड समाज महासभा मध्य प्रदेश ने स्वतंत्र जांच की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) जेएस धुर्वे ने कलेक्टर नरसिंहपुर के माध्यम से राष्ट्रपति, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि, बीती 13 अक्टूबर को गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन (जीएसयू) के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान जय जोहार अभियान पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और प्रदर्शनकारियों को पुलिस वाहन में बैठाकर ले जाया गया था। महासभा ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल वीडियो और पुलिस अभिलेख सुरक्षित रखकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आरोप प्रमाणित होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई तथा हिरासत की वैधानिक प्रक्रिया की जांच का आग्रह भी किया गया है। संगठन ने पुलिसकर्मियों को जनजातीय संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने की मांग की है।

### छात्रों की समस्याओं को लेकर था प्रदर्शन

बीते मंगलवार को राजधानी भोपाल के मिसरोद इलाके में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का स्टूडेंट विंग छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर रहा था। इस दौरान छात्र श्जय जोहारश् यानी सबका कल्याण करने वाली प्रकृति की जय नारा लगा रहे थे। इसपर टीआई रतन सिंह परिहार भड़क गए। उन्होंने न सिर्फ आदीवासी युवाओं से अभद्र टिप्पणी की बल्कि उनसे ये भी कहा कि, यहीं कूट दूंगा। मामले ने इसलिए भी तूल पकड़ लिया, क्योंकि ये पूरा घटनाक्रम एक मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जो तेजी से वायरल भी हुआ। इसी वीडियो के आधार पर कई संगठनों ने विरोध जताया, जिसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर टीआई पर कार्रवाई हुई है। मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के साथ घटित इस शर्मनाक घटना को गंभीरता से लेते हुए टीआई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामले की जांच के आदेश भी दिए है। यानी जांच में अन्य जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। हालांकि, गोंड समाज महासभा कि मांग है कि, सिर्फ निलंबन नहीं, जांच के आधार पर एफआईआर भी होनी चाहिए।

### कार्रवाई के बाद भी असंतोष

उक्त मामले में कार्रवाई के बाद भी मामले को लेकर असंतोष जताया जा रहा है। विरोध करने वालों का कहना है कि केवल निलंबन पर्याप्त नहीं है। बल्कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जानी चाहिए। इस मुद्दे पर आंदोलन तेज करने की बात कही जा रही है प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के सम्मान, संवैधानिक अधिकारों और न्याय के लिए है। ज्ञापन में आदिवासी समाज जन कल्याण संघ सोसायटी मप्र गोंड समाज महासभा नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद नरसिंहपुर, आदिवासी उत्थान परिषद नरसिंहपुर, भीम आर्मी नरसिंहपुर आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप



### ओबीसी आरक्षण 50 प्रतिशत करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) इकाई ने ओबीसी आरक्षण 50 प्रतिशत करने की मांग को लेकर गुरुवार को राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार प्रेम सिंह दीवान को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने राज्य सरकार से अध्यादेश लाकर आरक्षण बढ़ाने और राज्यपाल से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। ज्ञापन में पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की कमजोर पैरवी के कारण ओबीसी आरक्षण प्रभावित हुआ है। पार्टी ने दावा किया कि जबलपुर हाईकोर्ट ने 13 प्रतिशत आरक्षण रद्द कर 14 प्रतिशत आरक्षण देने को कहा है। पार्टी का कहना है कि मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन यह वर्ग शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में पिछड़ेपन का सामना कर रहा है। ज्ञापन के माध्यम से आबादी के अनुपात में अधिकार और अवसर देने की मांग की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष छोटू इटोरिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंतर्नाद दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन आज से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शारदेय नवरात्रि मां जगत जननी की भक्ति महापर्व धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति की आराधना क्षेत्रीय लोक शैली गरबा - डांडिया, नृत्य से की जाती है। एम आई एम टी कॉलेज द्वारा प्रतिवर्ष गरबा सांस्कृतिक आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में एम आई एम टी कॉलेज तथा ए एण्ड आर कंस्ट्रक्सन एवं कृष्ण अवतार फाउंडेशन द्वारा पारंपरिक परिधान डांडिया की खनक एवं भक्ति उल्लास से भरी दो दिवसीय सांकृतिक संध्या अंर्तनाद 2.0 गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन 16-17 अक्टूबर 2026 को एम आई एम टी कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। एम आई एम टी महाविद्यालय परिवार एवं आयोजन समीति द्वारा उपस्थिति की अपील की गई है। ?

### जंगली जानवर के हमले में युवक गंभीर घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बेलखेड़ी क्षेत्र के ग्राम शेडखापा में खेत पर गए हेमराज ठाकुर उम्र 30 वर्ष पर अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हेमराज को वन विभाग की टीम ने एंबुलेंस से उपचार के लिए नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हेमराज जंगल से लगे अपने खेत में मवेशी लेने गए थे। इसी दौरान जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। हमला करने वाले जानवर की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में भालू की मौजूदगी की बात कही है, हालांकि वन विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है। विभाग की टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है।

### ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। ठेमी थाना क्षेत्र के करकबेल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक यात्री घायल हो गया। डायल 112 की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, घायल की पहचान ग्राम ठेमी निवासी हाकम पटेल उम्र 34 वर्ष, पिता लक्ष्मण पटेल के रूप में हुई है।

### कलेक्टर ने की कार्रवाई

**अनूपपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत पात्र बालिका को लाभ से वंचित रखने के मामले में कलेक्टर रत्नाकर झा ने कार्रवाई की है। उन्होंने लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और संविदा पर्यवेक्षक के 10-10 दिवस के मानदेय में कटौती के आदेश जारी किए हैं।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 263 आवेदन, सुनी लोगों समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 263 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया। श्री पटेल ने बताया कि आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है इसके लिए हम हमेशा तत्पर रहते है लेकिन बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि उक्त जनसुनवाई में 263 आवेदनों पर स्थानीय जनों की समस्याओं का निराकरण किया गया जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में प्राचार्य एस. के. बक्शी के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कुबेर सिंह पटेल, भूपेंद्र लोधी,ओंकार गोस्वामी, गेंदालाल काछी प्रशांत सिंगोतिया एवं आकांक्षा राजोरिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। शिक्षकों ने हाथ धोने के विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए बताया कि भोजन करने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद तथा गंदगी के संपर्क में आने पर साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह हाथ धोना चाहिए। विद्यार्थियों को हाथ धोने के सही तरीके का अभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि नियमित रूप से सही तरीके से हाथ धोने से कीटाणुओं का प्रसार रोका जा सकता है और डायरिया, सर्दी-जुकाम सहित कई संक्रमणों से बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में हाथ धोने की अच्छी आदत अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वयं स्वच्छ रहने और अपने परिवार एवं समाज में भी स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

# न्यायाधीश, कलेक्टर एवं एसपी ने किया जेल का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला एवं प्रधान न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने गुरुवार को केंद्रीय जेल नरसिंहपुर का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता तथा विधिक सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं प्रधान न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला ने बंदी गृह में जाकर बंदियों से संवाद किया और उनसे जानकारी ली कि उन्हें प्रकरणों में विधिक सहायता उपलब्ध हो रही है या नहीं। उन्होंने बंदियों को मिलने वाली कानूनी सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों को न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं एवं विधिक सहायता की स्थिति का जायजा लेना भी रहा। यहाँ बंदियों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन तथा भोजन वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया तथा जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जेल में सुरक्षा एवं निगरानी से संबंधित व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालित रहना महत्वपूर्ण है। जेल में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालयीन कार्यवाही से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बंदियों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा विधिक सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के महत्व पर जोर दिया।इस मौके पर विधिक सहायता अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।



# माता की चौकी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर श्रीराम गली, विपतपुरा में रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल के तत्वावधान में माता रानी के भव्य पंडाल के समक्ष माता की चैकी एवं सुहागिनों का विशेष धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने लाल रंग के पारंपरिक परिधान धारण कर माता रानी की आराधना की। लाल परिधानों में सजी सुहागिनों की उपस्थिति और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर माता रानी से सुख, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल विपतपुरा द्वारा नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को एकजुट करने, आपसी प्रेम, सहयोग और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में अष्टमी तिथि को मंडल द्वारा माता रानी की महाआरती, भव्य गरबा एवं विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर महिलाओं एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल ने समस्त विपतपुरा ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें और धार्मिक आयोजन को सफल बनाए।

# पूरे शबाब पर है दुर्गोत्सवः संगीतमय पांच आरतियों में झूम रहे श्रद्धालु









**तेंदूखेड़ा** इन दिनों शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व अपने पूरे शबाब पर है। प्रातः काल से ही श्रद्धालु माता रानी की पूजन अर्चन में संलग्न हो जाते हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण कर माता रानी की साधना में लीन बनें हुए हैं। वहीं रात्रि के समय दुर्गा पंडालों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित हो जाते हैं तथा संगीतमय आरतियों में पहुंच जाते हैं। रात्रि आठ बजे से रात्रि 11 बजे तक यह सिलसिला जारी बना हुआ है। शैक्षणिक संस्थाओं के छोटे छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। नगर के वार्ड क्रमांक 04 कल्याण बाबा मंदिर परिसर में तथा वार्ड क्रमांक 11 रिया वाले बाबा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।रामलीला मैदान में नवीन सांस्कृतिक मंच पर कन्या विद्यालय गुरुकुल विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा जोरदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें धार्मिक गीतों के साथ कुरीतियां मिटाने बेटी बचाओ माता पिता की सेवा पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण जैसे विषयों पर लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गई।